छात्रा की मौत | एकलव्य स्कूल की छात्रा शिल्पा मरावी का निधन, लापरवाही के आरोप, गोंगपा ने किया थाने का घेराव, सांसद ने दी आर्थिक सहायता

# छात्रा की तीन दिन में मौत से मचा हड़कंप, मजिस्ट्रियल जांच की मांग





**निवास 18 अगस्त नभाप्र.** विकासखंड निवास के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पिपरिया में 15 अगस्त को अचानक बेहोश होकर गिरी कक्षा 10वीं की छात्रा शिल्पा मरावी ने रविवार देर रात नागपुर के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। छात्रा के मौत की खबर आग की तरह फैल गई, जिससे पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को निजी एम्बुलेंस से शव को निवास लाया गया, जहाँ निवास मुख्यालय पर राजनेताओं और सामाजिक संगठनों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान निवास विधायक चैन सिंह वरकड़े, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले, भाजपा मंडल अध्यक्ष आकाश पांडे और अन्य जनप्रतिनिधि व समाजसेवी मौके पर पहुंचे। शव का पोस्टमार्टम जिला स्वास्थ्य अधिकारी की निगरानी तीन सदस्यीय टीम द्वारा किया गया, जिसके बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले ने कहां कि तीन दिन में बच्ची का मौत होना ये बहुत बड़ी लापरवाही हैं, इसकी मजिस्ट्रियल जांच कर दोषियों पर कार्यवाही होनी चाहिए।

जानकारी अनुसार मंडला जिले के निवास विकासखंड अंतर्गत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पिपरिया में स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम देने के कुछ घंटे बाद ही शिल्पा मरावी पिता लोकेश मरावी कक्षा दसवीं की छात्रा अचानक बेहोश हो गई। वहीं स्कूल के करीब डेढ़ दर्जन बच्चे भी बीमार हो गए। जिन्हें स्वास्थ्य केंद्र निवास में भर्ती कराया जाता है, लेकिन शिल्पा की हालत गंभीर देखते हुए जबलपुर मेडिकल भेजा जाता हैं। जहां परिजन बेहतर इलाज के लिए एक जबलपुर के निजी अस्पताल लेकर जाते है। शेष बच्चों को वापिस परिसर लाया जाता है, जहां अन्य बच्चों का स्वास्थ्य खराब हो जाता है, जिसके बाद सभी बच्चों को मंडला जिला अस्पताल उपचार के लिए लाया जाता है। वही शिल्पा मरावी की हालत दिन व दिन बिगड़ती गई स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि शिल्पा को जबलपुर से नागपुर के लिए भेजा गया लेकिन रविवार देर रात्रि में नागपुर चिकित्सकों ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया। वही सोमवार को जिला अस्पताल में उपचाररत एक छात्र को जबलपुर मेडिकल रेफर किया गया है।

### जांच के लिए समिति गठित

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पिपरिया के छात्रावास में बच्चों के बीमार होने और एक छात्रा की मौत के मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन किया गया है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) निवास सीएल वर्मा को इस जांच समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। समिति में सीईओ जनपद पंचायत श्रद्धा सोनी, बीएमओ डॉ. विजय पैगवार, तहसीलदार संदीप नागोसे और सहायक संचालक जनजातीय कार्य विभाग विष्णु सिंगौर को सदस्य बनाया गया है। यह जांच समिति पूरे मामले की गहनता से जांच करेगी और अपनी रिपोर्ट तीन दिन के भीतर कलेक्टर कार्यालय को अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेगी।

### पुलिस छावनी में तब्दील रहा एकलव्य स्कूल परिसर

एकलव्य स्कूल की छात्रा की मौत के बाद सोशल मीडिया पर फैली नाराजगी और हंगामे की आशंका को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पिपरिया स्थित स्कूल परिसर, पोस्टमार्टम घर, थाना और ग्राम भलवारा में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। मंडला पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में निवास एसडीओपी पीएस वालरे ने सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की।

### एकलव्य के एक और छात्र को किया जबलपुर रेफर

एकलव्य का एक और छात्र जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा था, उसकी हालत बिगड़ने के बाद सोमवार को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। अन्य 15 छात्रों का इलाज जारी है। इस घटना के बाद प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं कि क्या दोषियों पर कोई निष्पक्ष कार्रवाई होगी या सिर्फ खानापूर्ति की जाएगी।

### स्कूल प्रबंधक ने नहीं की मदद, निष्पक्ष जांच की मांग

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की मृत छात्रा शिल्पा मरावी की बड़ी बहन आकांक्षा मरावी ने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही और गैर-जिम्मेदारी का आरोप लगाया है। उन्होंने हमारे संवाददाता से बातचीत में बताया कि निवास से लेकर जबलपुर तक का पूरा इलाज उन्होंने अपने दम पर कराया, जिसमें स्कूल प्रबंधक मोनिका रोहिला ने किसी भी प्रकार की कोई मदद नहीं की। आकांक्षा ने बताया कि जब डिस्चार्ज पेपर पर हस्ताक्षर करने की बात आई तो प्रबंधक ने साफ इनकार कर दिया। हालांकि उन्होंने एक शिक्षक की सराहना की, जिन्होंने शिल्पा को जरूरत पड़ने पर रक्तदान किया। आकांक्षा ने बताया कि उनकी बहन पहले से किसी बीमारी से पीड़ित नहीं थी और वह स्कूल की एक होनहार छात्रा और कैप्टन थी। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### अंतिम संस्कार में प्रशासनिक अमला व जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

बताया गया कि इस घटना की जानकारी जैसे ही मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते को लगी तो उन्होंने गहरा दुख जताते हुए फोन पर परिजनों से बात की और पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते व भाजपा मंडल अध्यक्ष आकाश पांडे को शोकाकुल परिवार के घर भेजकर परिजनों को पचास हजार रुपए नगद सहायता राशि प्रदान कराई। उन्होंने दोषियों पर उचित कार्यवाही का आश्वासन भी दिया हैं। इसके साथ ही प्रशासन ने 25 हजार रुपए की सहायता राशि देने की बात कही। छात्रा शिल्पा मरावी का अंतिम संस्कार निवास विकासखंड के ग्राम भलवारा में आदिवासी रीति रिवाज नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर हैं अंतिम संस्कार पर जिले का पूरा प्रशासनिक आमला सहित सभी दलों के जनप्रतिनिधि और समाजसेवी बड़ी संख्या में मौजूद रहे और श्रद्धांजलि दी।

### अधिकारियों की समझाईश के बाद प्रदर्शन हुआ शांत

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की छात्रा की मौत के बाद गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए। छात्रा की लापरवाही से मौत होने का आरोप लगाते हुए कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव कर करीब आधे घंटे तक ताला लगाकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि प्रशासन इस गंभीर मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने स्कूल प्रबंधक पर लापरवाही का आरोप लगाया और कहा कि स्कूल का संचालन प्रबंधक के पति द्वारा किया जा रहा है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने मृतिका के परिजनों को मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की। मौके पर पहुंचे सहायक आयुक्त वंदना गुप्ता, एसडीएम सीएल वर्मा, विधायक चैन सिंह वरकड़े, निवास एसडीओपी पीएस वालरे, निवास थाना प्रभारी वर्षा पटेल, निवास जनपद पंचायत सीईओ श्रद्धा सोनी समेत अन्य अधिकारियों की समझाइश के बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए।

## पुलिस ने 141 नाबालिगों को परिजनों से मिलाया

मुस्कान अभियान के तहत लापता बच्चों की तलाश, निवास पुलिस ने महाराष्ट्र से दस्तयाब की बालिका

**मंडला 18 अगस्त नभाप्र.** मंडला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे मुस्कान और अन्य विशेष अभियानों की बदौलत इस वर्ष में 141 गुमशुदा नाबालिग बालक-बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर उनके परिजनों से मिलाया गया है। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट मिलते ही तत्काल कार्रवाई करते हुए गुमशुदा बच्चों की तलाश के लिए हर संभव प्रयास किए हैं। इसी कड़ी में मंडला पुलिस ने अलग-अलग राज्यों में टीमों को भेजकर तकनीकी दक्षता और कार्यकुशलता का परिचय दिया है। इसी अभियान के तहत निवास पुलिस की एक टीम थाना प्रभारी वर्षा पटेल के नेतृत्व में महाराष्ट्र गई, जिसमें सहायक उप निरीक्षक धनपाल बिसेन शामिल थे। टीम ने थाना निवास में दर्ज एक मामले में लापता एक नाबालिग बालिका को जलगाँव, महाराष्ट्र से दस्तयाब किया। बताया गया कि निवास पुलिस ने गुम इंसान के चार अन्य मामलों को भी सफलतापूर्वक सुलझाया। गुम इंसान बालिका को भुसावल, नागपुर, जबलपुर और टेमरी, नागपुर से दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा। पुलिस टीम ने इस दौरान आरोपी को पुणे, महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर न्यायालय में भी पेश किया। इस पूरी कार्रवाई में एसडीओपी निवास के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक वर्षा पटेल, सउनि धनपाल बिसेन, आरक्षक सिद्धार्थ आरसे, आरक्षक सूर्यचंद्र बघेल और अन्य थाना स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही।

## टिकरिया पुलिस को मिली सफलता, चोरी की बाइक बरामद

शिकायतकर्ता के चेहरे पर आई खुशी, नेशनल हाईवे से लावारिस हालत में मिली बाइक

**नारायणगंज 18 अगस्त नभाप्र.** टिकरिया पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। 9 अगस्त को आदिवासी दिवस के दिन चोरी हुई बाइक क्रमांक एमपी 51 जेडसी 3257 को पुलिस ने 17 अगस्त को बरामद कर लिया है। बाइक मिलने के बाद शिकायतकर्ता के चेहरे पर खुशी लौट आई है।



बाइक मालिक ने टिकरिया थाने में अपनी बाइक चोरी होने की लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर, थाना प्रभारी गोपाल घासले ने तुरंत एक पुलिस टीम का गठन किया और जांच शुरू कर दी।

काफी खोजबीन के बाद, पुलिस को सूचना मिली कि बाइक नेशनल हाईवे पर नारायणगंज के खन्ना ढाबे के पास लावारिस हालत में पड़ी है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और बाइक को अपनी हिरासत में ले लिया। पुलिस ने इस मामले में आगे की कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

## आज विश्व हिंदू परिषद का 61वां स्थापना दिवस

सामाजिक समरसता संगोष्ठी होगी आयोजित

केन्द्रीय मंत्री देवजी भाई रावत होंगे मुख्य वक्ता

**मंडला 18 अगस्त नभाप्र.** विश्व हिंदू परिषद का 61वां स्थापना दिवस एवं सामाजिक समरसता संगोष्ठी कार्यक्रम आज 19 अगस्त को शाम 6 बजे से झंकार सभा गृह मंडला में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और संगठन की 61 वर्षों की यात्रा को याद करना है। विहिप के जिला मंत्री मनोज फागवानी और जिला मंत्री अमित बैरागी ने बताया कि विहिप की स्थापना 1964 में भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य दिवस श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर हुई थी। संगठन का उद्देश्य गिरिवासी और वनवासी समाज में सेवा, मठ-मंदिर, तीर्थ और यात्राओं की भूमिका को पुर्नस्थापित करना और समाज में सभी मत-भेदों से मुक्त एक अजेय हिंदू शक्ति को खड़ा करना है। बताया गया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता केंद्रीय मंत्री और अखिल भारतीय सामाजिक समरसता प्रमुख देवजी भाई रावत होंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश जैन करेंगे। मुख्य अतिथि सुभाष कुमार डांगोरिया होंगे। विहिप ने सभी नगरवासियों से इस कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है। संगठन का मानना है कि लोगों की उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ेगी और वे संगठन के कार्यों से परिचित होंगे।

## कलेक्टर ने राज्यपाल के आगमन की तैयारियों का किया निरीक्षण




**मंडला 18 अगस्त नभाप्र.** राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मंडला जिले में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के मद्देनजर तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर सोमेश मिश्रा सेमरखापा एकलव्य आदर्श विद्यालय पहुँचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 अगस्त को राज्यपाल मंगुभाई पटेल की विशेष मौजूदगी में एकलव्य ऑडीटोरियम में परंपरागत चिकित्सा का स्वास्थ्य संवर्धन में योगदान एवं सिकल सेल प्रबंधन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जाना है। इसके साथ ही लखपति दीदियों से संवाद भी करेंगे। इसके उपरांत आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ भोज में शामिल होंगे। इन सभी की तैयारियों के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए। कार्यक्रम स्थल पर आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर एवं विभागीय स्टॉल भी लगाए जा रहे हैं। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने विशिष्ट अतिथियों की मंच पर बैठक व्यवस्था, ग्रीनरूम, सुरक्षा व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, लखपति दीदी संवाद स्थल पर आवश्यक तैयारियों के दिशा-निर्देश दिए। साथ ही इन सभी तैयारियों को समय के पूर्व पूरा करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, मंडला एसडीएम सोनल सिडाम सहित अन्य संबंधित अधिकारी और विभागीय अमला मौजूद था।

## रानी अवंती बाई लोधी की जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि

**मंडला 18 अगस्त नभाप्र.** अखिल भारतीय लोधी, लोधा अधिकारी, कर्मचारी संघ और जिला लोधी क्षत्रिय समाज ने जिला मुख्यालय स्थित रानी अवंती बाई चौक लालीपुर में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की 194वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर और माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान आलोक संघ के जिलाध्यक्ष बालसिंह ठाकुर, महासचिव संजय ठाकुर, पूर्व प्रदेश संगठन सचिव राजेश कुमार लोधी, रानी अवंती बाई संघर्ष समिति के सचिव कन्हैया ठाकुर, लोधी समाज के कोषाध्यक्ष हरि ठाकुर उप-सरपंच, आलोक संघ के संगठन सचिव प्रहलाद सिंह ठाकुर, लोधी समाज युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नितांत ठाकुर, रामअवतार ठाकुर और अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। सभी ने रानी अवंती बाई के शौर्य और बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया।



## शुभचिंतकों ने अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर सुनील नामदेव को दी श्रद्धांजलि



**भुआ बिछिया 18 अगस्त नभाप्र.** दिवंगत सुनील नामदेव को जन्मदिन पर उनके शुभचिंतकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी याद में स्थानीय शासकीय अस्पताल बिछिया में इलाजरत मरीजों को फल वितरित कर उन्हें याद किया गया। स्वर्गीय सुनील नामदेव सामाजिक कार्यों के लिए जाने जाते थे। वे पूर्व में मंडी अध्यक्ष और मध्य प्रदेश कृषि मंडी बोर्ड के विशेषज्ञ भी रह चुके थे। उनके सहयोगी और परिजनों ने कहा कि उनके समाजसेवी जीवन से प्रेरणा लेकर इस तरह के सेवा कार्य करना ही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। अस्पताल प्रशासन ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्य मरीजों का मनोबल बढ़ाते हैं। इस अवसर पर उनके परिवार के सदस्य, मित्र और स्नेहीजन मौजूद थे।

## सांसद के प्रयासों से नैनपुर-मुंबई के बीच चलेगी सेवाग्राम एक्सप्रेस

रेल मंत्री ने प्रस्ताव को लिया संज्ञान में, सांसद ने केंद्रीय विद्यालय खोलने का भी दिया आश्वासन



**नैनपुर 18 अगस्त नभाप्र.** मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के प्रयासों से नैनपुर को मुंबई से सीधे रेल मार्ग से जोड़ने की उम्मीद जगी है। हाल ही में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर नागपुर तक चलने वाली सेवाग्राम एक्सप्रेस को सिवनी के रास्ते नैनपुर तक विस्तारित करने का प्रस्ताव सौंपा था। रेल मंत्री ने इस प्रस्ताव पर तुरंत संज्ञान लेते हुए इसके परीक्षण के लिए निर्देश जारी किए हैं। मंडला सांसद ने नैनपुर सर्वांगीण विकास परिषद के पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पहल से नैनपुर सीधे मुंबई से जुड़ जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को यात्रा में काफी सुविधा होगी।

### केंद्रीय विद्यालय और फ्लाई ओवर का भी वादा

सांसद ने रेल से संबंधित अन्य जानकारियां भी परिषद के सदस्यों के साथ साझा कीं। उन्होंने यह भी वचन दिया कि अगले सत्र में नैनपुर में केंद्रीय विद्यालय का संचालन जरूर शुरू होगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष कुछ प्रशासनिक कठिनाइयों के कारण केंद्रीय विद्यालय शुरू नहीं हो सका है, लेकिन वे इसके लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। फग्गन सिंह कुलस्ते ने परिषद के महामंत्री अखिलेश शुक्ला से नैनपुर मुख्य मार्ग पर लगने वाले लंबे जाम की समस्या पर भी बात की। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस समस्या से निजात पाने के लिए रेलवे फ्लाईओवर के निर्माण और अन्य मांगों के संबंध में वह तत्काल केंद्र सरकार को पत्र भेजेंगे। इस अवसर पर परिषद के विमलेश सोनी, आशीष वैष्णव, सुधीर बंदेवार और अर्थव सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे, जिन्होंने सांसद को मांग पत्र सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

## किसानों के लिए बांस ग्रीन गोल्ड और आय का प्रमुख साधन

एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत एसडीएम ने लगाया पौधा

**भुआ बिछिया 18 अगस्त नभाप्र.** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत बिछिया की राजस्व एसडीएम सोनाली देव ने कृषि उपज मंडी में एक पौधा लगाया। इस मौके पर बाँस को किसानों के लिए ग्रीन गोल्ड बताया गया, जो न सिर्फ पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि किसानों की आय का भी प्रमुख साधन है।



कार्यक्रम का आयोजन बंबू फार्मर एंड प्रोड्यूसर, वन एवं पर्यावरण प्रेमी सुदेश नामदेव द्वारा किया गया था। उन्होंने स्वागत स्वरूप एसडीएम को बाँस का पौधा भेंट किया। इसके बाद सभी ने मिलकर कृषि उपज मंडी प्रांगण में एक पौधा लगाया और संकल्प लिया कि वे इस पौधे को बड़ा होकर वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखेंगे।

इस मौके पर सुदेश नामदेव ने बताया कि बाँस एक औषधीय पौधा होने के साथ किसानों के लिए ग्रीन गोल्ड भी है। यह किसानों की प्राथमिक आय का स्रोत है, जिससे उनके परिवार का भरण-पोषण होता है। इसके साथ ही बाँस मिट्टी के कटाव को रोकने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में जोश सिंह ठाकुर, जगदीश ठाकुर, आलोक चउदा, रमाकांत दुबे, जगदीश साहू, योगेश गुप्ता, सुनील उइके, दादू लाल जघेला, टाइगर दिलीप कटारिया, यूसुफ खान, वाहिद खान, संजू ठाकुर, सुनील जंघेला, मंडी सचिव कन्हैया मरकाम, अकाउंटेंट श्याम कुमार वरकड़े, मंगल गोस्वामी, नीतू यादव, नागेश यादव, दुर्गेश नामदेव और अनुज उपाध्याय सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार का दौरा कार्यक्रम

**मंडला 18 अगस्त नभाप्र.** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार का मंगलवार को मंडला आगमन होगा। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री परमार 19 अगस्त को शाम 5 बजे जबलपुर से मंडला के लिए रवाना होंगे, शाम 6:45 बजे मंडला पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। 20 अगस्त को प्रात: 10:30 बजे एकलव्य स्कूल परिसर ऑडिटोरियम सेमरखापा में आयोजित परंपरागत चिकित्सा का स्वास्थ्य संवर्धन में योगदान एवं सिकल सेल एनीमिया प्रबंधन कार्यशाला में भाग लेंगे।

कर्मचारियों की मांग | संविदा कर्मचारियों ने 10 सूत्रीय मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## समान कार्य, समान वेतन और नियमितीकरण की मांग



**मंडला 18 अगस्त नभाप्र.** संविदा संयुक्त मंच जिला इकाई मंडला ने अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें सभी विभागों के संविदा कर्मचारियों के लिए नियमित कर्मचारियों के समान लाभ, समान कार्य-समान वेतन और नियमितीकरण जैसी महत्वपूर्ण मांगें शामिल हैं।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला पंचायत, आजीविका मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पीएचई विभाग, मनरेगा, वाटरशेड व अन्य विभागों के संविदा अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

ज्ञापन में बताया है कि 4 जुलाई 2023 को हुई महापंचायत व 22 जुलाई 2023 को सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी संविदा नीति का सभी विभागों में क्रियान्वयन किया जाए। संविदा कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों के समान अनुकंपा नियुक्ति, ग्रेच्युटी, मेडिकल अवकाश, समान कार्य समान वेतन का लाभ, महंगाई भत्ता के साथ अर्जित एवं मेडिकल अवकाश का प्रावधान किया जाए, सीधी भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण के साथ अनुभव के अंक जोड़े जाएं अथवा न्यूनतम कट ऑफ 33 प्रतिशत तय किया जाए। कार्यरत संविदा कर्मचारियों को अन्य योजनाओं में समकक्ष पद पर समायोजित किया जाए। कृषि, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, जिला ई-गवर्नेंस, सामाजिक न्याय विभाग, बीकानेर आवास केंद्र इत्यादि में कार्यरत संविदा कर्मचारियों को नियमित पदों पर समकक्ष ग्रेड दिया जाए। संविदा कर्मचारी का कम से कम 20 लाख रुपए का सामूहिक बीमा लाभ, रिक्त आवास उपलब्ध न होने की स्थिति में संविदा कर्मचारियों को आवास भत्ता स्वीकृत किया जाए। ज्ञापन के माध्यम से अन्य मुद्दे भी उठाए गए।

## साहीवाल गाय के उत्कृष्ट दूध उत्पादन के लिए मिला प्रथम पुरस्कार और 51 हजार की राशि



घुघरी के भास्कर मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित

पशुपालन में हासिल की बड़ी उपलब्धि



**घुघरी 18 अगस्त नभाप्र.** मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना के तहत घुघरी निवासी भास्कर द्विवेदी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा उनके उत्कृष्ट पशुपालन कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। उनके इस सम्मान ने न केवल उनका बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंडला द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मंडला जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने भास्कर द्विवेदी को उत्कृष्ट दूध उत्पादन के लिए सम्मानित किया है। बताया गया कि भास्कर द्विवेदी को उनकी साहीवाल गाय के असाधारण प्रदर्शन के लिए यह गौरव मिला है। उनकी गाय ने प्रतिदिन 16.877 लीटर औसत दूध का उत्पादन किया, जो एक शानदार उपलब्धि है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें प्रथम पुरस्कार के रूप में 51 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। यह सम्मान भास्कर द्विवेदी के अथक परिश्रम, लगन और पशुपालन के प्रति उनके समर्पण के लिए मिला है। इनकी यह सफलता जिले के अन्य पशुपालकों के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत है।